Website : www.prsuniv.ac.in
E-mail ID- registrar@prsuniv.ac.in

प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ०प्र०
Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

Azadi Ka Amrit Mahotsav

पत्रांक : प्रोरासिविवि/कुसका/2023– 1213 दिनांक 03–अक्टूबर, 2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय,
प्रयागराज, उ0प्र0।

विषय : समस्त कालेजों एवं विश्वविद्यालयों में 'स्वच्छ सारथी क्लब' बनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–2519/सत्तर–3–2023 दिनांक 29 सितम्बर, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में :स्वच्छ सारथी क्लब' बनाए जाने एवं प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–4555/नौ–5–2023–464सा–/2018 दिनांक 01.09. 2023 में की गई अपेक्षानुसार आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

तद्क्रम में आपसे अनुरोध है कि शासन के निर्देशानुसार अपने महाविद्यालय में स्वच्छ सारथी क्लब स्थापित करते हुए शासन के संलग्न पत्र दिनांक 01.09.2023 में अपेक्षानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

(संजय कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. माननीय कुलपति जी।
2. प्रभारी एजेन्सी को इस निर्देश से प्रेषित कि उक्त पत्र समस्त महाविद्यालयों की कालेज लॉग–इन तथा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
3. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः मिर्जापुर रोड, नैनी, प्रयागराज, पिनकोड-211010 (उ०प्र०), फोनः 0532–2256207
Address : Mirzapur Road, Naini, Prayagraj, Pincode-211010 (U.P.) Ph. 0532-2256207

Scanned with OKEN Scanner

महत्वपूर्ण

संख्या–2519 /सत्तर–3–2023

प्रेषक,

अरविन्द सिंह,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1 निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ0प्र0
प्रयागराज।

2 कुलसचिव,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3

लखनऊ : दिनांक 29 सितम्बर, 2023

विषय : समस्त कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में 'स्वच्छ सारथी क्लब' बनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–4555/नौ–5–2023–464सा/2018, दिनांक 01.09.2023 (छाया प्रति संलग्न) का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से नगरीय निकाय की परिधि में आने वाले समस्त स्कूल/कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में **'स्वच्छ सारथी क्लब'** बनाये जाने की अपेक्षा की गयी है।

2– इस सम्बन्ध में प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–4555/नौ–5–2023–464सा/2018, दिनांक 01.09.2023 की छाया प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत प्रकरण में की गयी अपेक्षानुसार आवश्यक कार्यवाही करने तथा कृत कार्यवाही से शासन को 01 सप्ताह में अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(अरविन्द सिंह)
अनु सचिव।

Scanned with OKEN Scanner

संख्या-2519/सत्तर-3-2023

प्रमुख सचिव कार्यालय में
प्राप्त दिनांक 01/09/2023

समयबद्ध / महत्वपूर्ण
संख्याः-4555 / नौ-5-2023-484सा / 2018

प्रेषक,

अमृत अभिजात,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

संख्या 1826/VIPPSHED/2023

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ : दिनांकः01 अगस्त, 2023

विषयः- समस्त स्कूल, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में 'स्वच्छ सारथी क्लब' बनाये जाने के संबंध में।

महोदय,

मा0 प्रधानमंत्री जी, भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ की गयी महत्वाकांक्षी योजना-स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) की सफलता हेतु व्यापक जन-जागरूकता एवं जन-भागीदारी आवश्यक है।

आप अवगत है कि सामान्य जनमानस, किशोरों तथा युवाओं को स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) से जोड़ना व स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाना एक अतिमहत्वपूर्ण लक्ष्य है।

उपरोक्त वर्णित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु एवं किशोरों, युवाओं व उनके अभिभावकों/अध्यापकों की सहभागिता सुनिश्चित् करने के उद्देश्य से स्कूलों, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में **'स्वच्छ सारथी क्लब'** का गठन होना प्रस्तावित है। साथ ही स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम स्वच्छता कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किये जाने की भी योजना हैं।

स्वच्छ सारथी क्लब के उद्देश्यः-

- स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के लक्ष्यों के विषय में जागरूकता फैलाना।
- स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से प्लास्टिक बैन के विषय में जनजागरूकता फैलाना।
- स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के विषयगत प्रेरणा देना।
- किशोरों व युवाओं के माध्यम से स्वच्छता के प्रति व्यवहारिक परिवर्तन के विषय में जन-जागरूकता फैलाना।
- **'स्वच्छ सारथी क्लब'** के सदस्यों द्वारा स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अन्तर्गत आयोजित आई0ई0सी0 गतिविधियों में प्रतिभाग करना।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त उद्देश्यों की सफलता हेतु अपने विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि वे जनपद के समस्त नगरीय निकायों में शिक्षण संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कराते हुये नगरीय निकायों की परिधि में आने वाले समस्त स्कूल/कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में **'स्वच्छ सारथी क्लब'** की स्थापना सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अमृत अभिजात)
प्रमुख सचिव

वि0स0 (GKT)
01/09/2023
(एम0 पी0 अग्रवाल)
प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

1462/VS(J)/23
J.S.
05-9-23

HE-3
05.09.23

(प्रेम कुमार पाण्डेय)
संयुक्त सचिव
उच्च शिक्षा विभाग
उ0प्र0 शासन।

श्री सुमित
5.9.2023

Arun Sir CO-VC

Scanned with OKEN Scanner